## एक नजर में

### 27 मार्च को आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन शिविर में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों का होगा टीकाकरण : कलेक्टर



**मंदसौर।** कलेक्टर आदिती गर्ग की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय मंदसौर में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने 27 मार्च को आयोजित होने वाले वैक्सीनेशन शिविर को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए बस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं इस टीकाकरण अभियान का लाभ ले सकें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समर कैम्प, स्पोर्ट्स कैम्प, क्विज प्रतियोगिता, गांधीसागर टूर एवं भोपाल टूर आयोजित करने के निर्देश दिए। भोपाल भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को साइंस म्यूजियम एवं विधानसभा का अवलोकन कराने के लिए भी कहा गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा विद्यालय में उपलब्ध फर्नीचर, शिक्षकों की स्थिति एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रेजुएशन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह

**मंदसौर।** ग्राम पंचायत भरड़ावद के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत एक गरिमामय ग्रेजुएशन समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भरड़ावद के सरपंच फारुख भाई अजमेरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ावद के प्रधान अध्यापक प्रवीण बोरीवाल ने की। विशेष अतिथियों में मोहम्मद उमर शेख, पंकज चावड़ा, शंकर दास बैरागी, पटवारी वर्षा चौबे, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सरिता प्रजापति शामिल रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगवती अहिरवार, रजिया बानो शाह तथा सहायिकाएं करीना अहिरवार, सुशीला अहिरवार सहित ग्रामवासी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। त में आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### दिगम्बर जैन हायर सेकंडरी स्कूल का कक्षा 5वीं एवं 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**मन्दसौर।** बही चौपाटी स्थित दिगम्बर जैन हायर सेकंडरी स्कूल ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 5वीं एवं 8वीं में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय में कक्षा 8वीं के सभी 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 5वीं में कुल 32 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 7 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, प्राचार्या के मार्गदर्शन, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन का प्रमाण है।

# मांगलिक भवनों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

▸ **उप मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ में लगभग 11 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया**





**मंदसौर। मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ जनपद पंचायत परिसर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा लगभग 11 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम ढिकन्या में 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया, वहीं 10 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 42 मांगलिक भवनों का भूमिपूजन किया गया।**

ये सभी भवन मल्हारगढ़ जनपद की 42 अलग-अलग ग्राम पंचायतों में निर्मित होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा कन्हैयालाल पाटीदार, मदन लाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच, नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय राशि को अपनी राशि समझकर कार्य करें और सभी मांगलिक भवन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। साथ ही उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि जनता ने सेवा का अवसर दिया है, जिसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 42 मांगलिक भवनों के अतिरिक्त 60 और भवन स्वीकृत किए गए हैं, जिनका निर्माण लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा मल्हारगढ़ एवं पिपलिया मंडी में फ्लाईओवर निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होंगे।

उन्होंने बताया कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर परियोजना का पानी हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे सिंचाई सुविधा में विस्तार होगा। साथ ही नारायणगढ़ एवं बूढ़ा में सांदीपनी विद्यालय तथा मल्हारगढ़ में बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण भी प्रस्तावित है।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

## सकल दिगंबर जैन समाज के सत्र 2026-28 के नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति

**मंदसौर। सकल दिगंबर जैन समाज मंदसौर के सत्र 2026-28 में नवीन अध्यक्ष हेतु अनिल जैन ( सेंट्रल बैंक ), कोषाध्यक्ष हेतु अरुण कुमार हरसोला मनोनीत, श्रीमती साक्षी संदीप जैन महिला प्रकोष्ठ महामंत्री एवं अंशुल जैन युवा प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त किया गया।**

सकल दिगंबर जैन समाज मंदसौर के सत्र 2026-28 हेतु नवीन पदाधिकारियों की घोषणा अध्यक्ष श्री अजय बाकलीवाल द्वारा की गई, डॉक्टर एस.एम.जैन साहब की अध्यक्षता में आयोजित समाज की सामान्य बैठक जिसमें सकल जैन समाज मंदसौर के निवृत्तमान अध्यक्ष श्री जयकुमार बड़जात्या, मुनि सेवा समिति मंदसौर अध्यक्ष अरविंद मेहता मंचासीन थे। अजय बाकलीवाल द्वारा बताया गया कि वर्ष 2026-28 हेतु सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष पद पर अनिल जैन (सेंट्रल बैंक), अरुण कुमार हरसोला को कोषाध्यक्ष एवं महामंत्री पद हेतु संजय कोठारी, पंकज सिंहल (अग्रसेन), मुकेश भूता एवं अंकित जैन को मनोनीत किया गया एवं साथ ही 20 सदस्य प्रतिनिधिमंडल भी नियुक्त किए गया। सकल दिगंबर जैन महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती साक्षी संदीप जैन को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है इसके साथ ही मंत्री के पद पर श्रीमती संगीता गोधा, श्रीमती अंजली गर्ग, श्रीमती रीना जैन एवं श्रीमती रंजना जैन को मनोनीत किया गया, साथ ही 20 सदस्य सहमंत्री की कार्यकारिणी मनोनीत हुई, सकल दिगंबर जैन युवा प्रकोष्ठ में अंशुल जैन को महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया एवं सचिन पाटनी, राजेश गर्ग, अनिकेत जैन एवं अमित गोदावत को मंत्री के पद पर मनोनीत किया एवं साथ ही 20 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की गई।

एक नजर ▸ **लगभग दो लाख भक्तों ने की सहभागिता**

## 15 कन्याओं के विवाह के साथ भागवत कथा का समापन



**दलोदा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर अंबाजी धाम निपानिया में पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन 15 बेटियों के विवाह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में इन सात दिवस में प्रतिदिन क्षेत्र के प्रमुख संतगणों द्वारा आशीर्वाद प्राप्त हुआ साथ ही क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। पूज्य गुरुदेव ने कहा कि मां भगवती की असीम कृपा व निपानिया धाम सेवा समिति सभी दानदाताओं व कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से यह विराट महाकुंभ का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धाम की अध्यक्षता कर रहे करणी सेना परिवार के प्रमुख ठा जीवन सिंह शेरपूर का पूज्य गुरुदेव द्वारा स्वागत किया गया। जगदंबा की महाआरती के साथ कथा का समापन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने भी अंबाजी धाम निपानिया पहुंच कर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 131 युनिट रक्तदान हुआ। विशाल भंडारे में लगभग 2 लाख भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम में अंबाजी धाम निपानिया के अध्यक्ष ठा जीवन सिंह शेरपुर सचिव विशाल पाटीदार कोषाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह मुंदेडी सहित अंबाजी धाम सेवा समिति की पूरी टीम उपस्थित रहीं।पुज्य गुरुदेव ने बेटियों को उपहार स्वरूप चित्र भेंट कर सभी को शुभकामनाएं देते हुए विदा किया।विदाई के समय सभी भक्तजन भावुक हो गए। आभार अंबाजी धाम सेवा समिति ने माना।

# नीमच


## एक नजर में

### किशोर बालिकाओं को पास्को अधिनियम पर दी जानकारी



**नीमच।** वन स्टाफ सेंटर नीमच में दिनांक 25 3 .2026 बुधवार को किशोर बालिकाओं को किशोर न्याय बोर्ड नीमच की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट श्रीमती अंकित गुप्ता मैडम एवं सदस्य सुश्री ज्योति बेंस एवं विश्वास खंडेलवाल द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पास्को अधिनियम) के विषय पर जानकारी देते बताया कि पोक्सो अधिनियम 2012 भारत का एक कानून है जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण और यौन हमलों से बचाना है . यह 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे पर लागू होता है, भले ही वह लड़का हो या लड़की, और उन्हें यौन उत्पीड़न, बाल पोर्नोग्राफी और अन्य संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है . इस कानून के तहत ऐसे अपराधों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं, जिससे बच्चों को तेजी से न्याय मिल सके। जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में मनीषा सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### 51 फीट लंबी चुनरी मां तुलजा भवानी को अर्पण की



**नीमच।** क्षत्रिय मराठा समाज नीमच द्वारा माँ तुलजा भवानी जी के पावन सानिध्य में 51 फीट लंबी चुनरी अर्पण का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सक्रिय सदस्य एवं उपाध्यक्ष कमल राव शिंदे (शिंदे परिवार) द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माँ को 51 फीट लंबी चुनरी अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 7 बजे हुआ, जिसके पश्चात 7 :30 बजे आरती का आयोजन किया गया।आरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया, जहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं ने माँ के जयकारों के साथ भक्ति में लीन होकर आरती में सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, मातृशक्ति एवं बच्चे बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित थे।कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया।

### श्रीराम नवमी एवं पं. देहलवी जयन्ती मनाई जाएगी

**नीमच।** आर्य समाज, नीमच पं. रामचन्द्र देहलवी मार्ग (घण्टाघर के पास) पर दिनांक 27 मार्च 2026 शुक्रवार को भगवान, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम नवमी एवं आर्य विभूति, नीमच धरा पर जन्मे शास्त्रार्थ महारथी पं. रामचन्द्रजी देहलवी जी की 145वीं जयन्ती मनाई जायेगी। आर्य समाज नीमच के संयोजक आचार्य मनोज स्वर्णकार ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 9 बजे से विशेष यज्ञ होगा, व भगवान श्रीराम व पं. रामचन्द्रजी देहलवी जी के जीवन पर विद्वानजनों द्वारा उद्बोधन होगा।

# पेट्रोल पंपों पर अफवाह से दूसरे दिन भी भीड़

▸ **नीमच में टैंक फुल कराने पहुंच रहे लोग, कलेक्टर बोले-डीजल-ईंधन की पर्याप्त स्टॉक**



**नीमच। जिले में ईरान-इजरायल युद्ध की अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को लगातार दूसरे दिन शहर और ग्रामीण इलाकों के पंपों पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग पेट्रोल-डीजल की संभावित किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका से अपने वाहनों के टैंक फुल करवा रहे हैं।**

**सोशल मीडिया पर अफवाह से लगी भीड़**-सोशल मीडिया और आम चर्चाओं में यह अफवाह तेजी से फैली कि युद्ध के कारण ईंधन की भारी कमी हो सकती है। इस आशंका में लोग न केवल अपने वाहनों के टैंक भरवा रहे हैं, बल्कि प्लास्टिक की कैन और अन्य बर्तनों में भी अतिरिक्त पेट्रोल जमा कर रहे हैं। यह सिलसिला मंगलवार शाम से शुरू होकर बुधवार को भी जारी रहा।

**कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म**-शहर के कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इसके बाद लोग आधी रात को भी नेशनल हाईवे पर स्थित पंपों की ओर दौड़ पड़े, जिससे लंबी कतारें लग गईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। कई लोग दूसरों को देखकर कतारों में खड़े हो गए, जिससे भीड़ और बढ़ गई।

> **कलेक्टर बोले-पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त स्टॉक**
>
> बिगड़ते हालात और अफवाहों को देखते हुए नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने स्थिति संभाली। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी प्रमुख तेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है, जिन्होंने आपूर्ति श्रृंखला के सामान्य होने की पुष्टि की है।

> **कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन तैनात**
>
> प्रशासनिक अधिकारी लगातार पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि कालाबाजारी या अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे युद्ध के नाम पर फैलाई जा रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं, क्योंकि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।



## नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

▸ **नीमच में विहिप-बजरंग दल ने दी आंदोलन, प्रशासन को सौंपा**

**नीमच।** जिले में एमडी ड्रग्स के बढ़ते कारोबार और इससे हो रही मौतों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को संगठनों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें जिले में नशे के कारोबार पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की गई है।

प्रखंड अध्यक्ष बंटी अग्रवाल और प्रखंड मंत्री नितिन बागड़ी ने बताया कि नीमच के खारी कुआं, मूलचंद मार्ग, बघाना और मनासा के हाड़ी जैसे क्षेत्रों में एमडी ड्रग्स युवाओं को आसानी से मिल रही है। इसी कारण 22 मार्च को एक 25 वर्षीय युवक की मृत्यु हो चुकी है। संगठन का आरोप है कि ड्रग्स के ये पेडलर न केवल युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि यह पूरा सिंडिकेट 'लव जिहाद' जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रहा है, जिसकी चपेट में अब युवतियां भी आ रही हैं।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि तस्करों के इस बड़े गिरोह की पारदर्शिता के साथ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द ही नशा माफियाओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई शुरू नहीं की, तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पूरे जिले में व्यापक स्तर पर उग्र आंदोलन करेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर लक्ष्मण राठौर, सत्यनारायण पाटीदार, संजय यादव, कैलाश मालवीय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर ▸ **कलेक्टर एवं एस.पी. ने भादवा माता में श्रृद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण**

## महा अष्टमी पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**नीमच। जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र ,आरोग्य स्थल महामाया मां भादवा माताजी में चैत्र नवरात्रि मेला आयोजित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भादवामाता जी में नवरात्रि मेले में बडी संख्या में श्रद्धांलु माताजी के दर्शन करने आते हैं। महा अष्टमी पर भादवामाता में श्रृद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है।**

भादवामाता में नवरात्रि मेले में महा अष्टमी पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एस.पी.श्री अंकित जायसवाल ने भादवा माता मेला परिसर , माताजी के दर्शन करने आने जाने के रूट कों देखा और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नवरात्रि मेले में पार्किंग व्यवस्था , मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश की व्यवस्था आदि विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन.एस.सिसोदिया, एसडीएम संजीव साहू, सीएसपी सुश्री किरण चौहान, पुलिस निरीक्षक श्री अमित सारस्वत, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एसपी ने सम्पूर्ण मेला परिसर, श्रृद्धालुओं के प्रवेश व निकासी के लिए बनाए गये कोरीडोर अस्थाई पुलिस चौकी पर सीसीटीव्ही से सम्पूर्ण मेला परिसर एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसपी ने सावन रोड़ पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को नीमच से भादवामाता व भादवामाता जवासा चौराहे होते हुए भादवामाता तक मुख्य मार्ग पर यातायात के लिए सुरक्षा पाईंट लगाने के भी निर्देश दिए। मंदिर प्रबंधक अजय एरन ने बताया, कि भादवामाता मंदिर परिसर में नवरात्रि पर महाअष्टमी का हवन 26 मार्च को रात्रि 10.30 बजे से प्रारंभ होगा और हवन की पूर्णाहुति अगले दिवस सुबह 4 बजे होगी। मेले में संस्थान की ओर से श्रृद्धालुओं को भादवामाता की बावड़ी का पवित्र जल भी 10 रूपये के शुल्क पर बोटल में उपलब्ध करवाया जा रहा है।